Title: Need to dispense with the practice of submitting of documents while applying for various posts- Laid.

श्री बालकृण चौहान (घोसी): आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन पत्रों के साथ वांछित दस्तावेजों यथा अंकचिट, जाति, आय, निवास आदि प्रमाण पत्रों के संलग्न करने की बाध्यता की ओर दिलाना चाहता हूं। कुछ रिक्त स्थानों के लिए हजारों शिक्षित बेरोजगार आवेदन करते हैं। उपरोक्त दस्तावेज प्राप्त करने में सभी का अनावश्यक काफी श्रम, समय व धन बर्बाद होता है, साथ ही साथ प्रशासनिक कार्य निरर्थक रूप से अवरूद्ध हो जाते हैं।

जनता, अभिभावकों, बुद्धिजीवियों एवं शिक्षित बेरोजगारों की काफी दिनों से मांग है कि वांछित दस्तावेजों की मांग अभ्यर्थियों के चयनित होने के बाद की जाये।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि प्रत्येक प्रदेश सरकारों को दिशा निदेश जारी करें कि नौकरी हेतु चयनित अभ्यर्थियों से ही वांछित दस्ता वेजों की मांग की जाये।